NCERT Solutions for Class 2 Hindi Rimjhim Chapter 10 मीठी सारंगी

कहानी का सारांश

एक गाँव में एक सारंगीवाला आया। वह सारंगी बहुत अच्छी बजाता था। एक रात जब उसने अपनी सारंगी बजानी शुरू की तो गाँववाले इकट्ठे हो गए। सभी सारंगीवाले की प्रशंसा करने लगे। गाँववाले कहने लगे-कैसी मीठी सारंगी है? अब कितना आनंद आ रहा है। पास ही भोला नामक एक व्यक्ति बैठा हुआ था। वह सोचने लगा–यदि सारंगी मीठी है तो उसका मुँह मीठा क्यों नहीं हुआ? सारे गाँववाले झूठ बोल रहे हैं। थोड़ी देर के बाद वह सारंगीवाले के पास बैठ गया, ताकि उसका मुँह मीठा हो सके। रात के तीन-चार बजे सारंगीवाले ने गाना-बजाना बंद कर दिया। गाँववाले पुनः मीठी सारंगी की प्रशंसा करने लगे। उनकी बात सुनकर भोला ने सोचा-सारे गाँववाले झूठ नहीं बोल सकते। रात में गाँववाले सो गए तथा सारंगी-वाला भी अपनी सारंगी को सिरहाने रखकर सो गया। तब भोला चुपके से उठा तथा उसने सारंगी उठा ली और उसे चुपके से चाटा।

पर उसे कुछ भी मिठास नहीं प्राप्त हुआ। फिर उसने सारंगी के छेद को मुँह के पास ले जाकर उसे उड़ेला। पर सारंगी से एक भी मीठी बूंद नहीं निकली। वह गाँववालों की बेवकूफ़ी पर बहुत झुंझलाया और सारंगी को गाँव के बाहर ले जाकर फेंक दिया। सवेरा होने पर जब सब लोगों ने सारंगी को अपने स्थान पर नहीं पाया तो बड़े ही दुखी हुए। लोग कहने लगे कि बड़ी ही मीठी सारंगी थी, पता नहीं कौन ले गया। गाँववालों की बात सुनकर भोला बिफर पड़ा-क्या खाक मीठी थी। मैंने तो उसे अच्छी तरह चाटा भी था। उसमें जरा-सी भी मिठास नहीं थी। तुम लोग झूठ-मूठ ही बाबा जी की तारीफ़ कर रहे थे। लोगों ने पूछा कि सारंगी कहाँ है तो उसने कहा कि गाँव के बाहर पड़ी है। गाँववालों ने भोला की बेवकूफ़ी पर सिर पीट लिया।

शब्दार्थ: सारंगी – एक प्रकार का प्रसिद्ध बाजा। सिरहाना – चारपाई में सिर की ओर का भाग। हुँझलाना गुस्सा करना। बिफरना क्रोधित होना। तारीफ़-प्रशंसा।

प्रश्न-अभ्यास

सारंगी की मिठास

प्रश्न 1
गाँववाले कहते थे-कैसी मीठी सारंगी है। इसका क्या मतलब है? सही बात पर '✓' का निशान लगाओ।

उत्तर:

- [ ] सारंगी चखने पर मीठी थी।
- [x] सारंगी से निकलनेवाली आवाज़ सुनने में अच्छी लगती थी।
- [ ] सारंगी के आस-पास मधुमक्खियाँ भिनभिना रही थीं।

प्रश्न 2

अब तुम समझ गए होगे कि गाँववाले सारंगी को मीठी क्यों कहते थे। अब बताओ कड़वी बात का क्या मतलब होगा?

उत्तर:

कड़वी बात का मतलब है-अप्रिय बात, जो सुनने में अच्छी न लगे।

कहानी से

प्रश्न 3

भोला ने क्यों सोचा कि सभी झूठ बोल रहे हैं?

उत्तर:

भोला ने सारंगी को मुँह से चाटा तथा उसके छेद को अपने मुँह के पास ले जाकर उडेला भी। कितु उसे कहीं से भी मिठास नहीं मिली। तब उसे लगा कि सभी गाँववाले झूठ बोल रहे हैं।

प्रश्न 4

भोला को सारंगी का स्वाद क्यों नहीं आया?

उत्तर:

चूँकि भोला को संगीत का ज्ञान नहीं था, इसलिए उसे उसका स्वाद नहीं मिल पा रहा था। उसे ऐसा लग रहा था, जैसे किसी मीठी चीज को खाने से मुँह मीठा हो जाता है, उसी प्रकार से सारंगी को सुनकर मुँह मीठा हो जाना चाहिए।

प्रश्न 5

भोला ने किस-किस तरह से यह जानने की कोशिश की कि सारंगी मीठी है?

उत्तर:

सबसे पहले भोला ने सारंगी के खोल को उतारकर उसे चाटा, फिर उसके छेद को मुँह के पास ले जाकर उडेला। परंतु इसके बावजूद भी उसे कुछ भी स्वाद नहीं मिल पाया।

edugross.com

खोल

सारंगीवाले ने सारंगी पर खोल चढ़ाया और अपने सिरहाने रखकर सो गया।

प्रश्न 6

सारंगीवाले ने अपनी सारंगी पर खोल क्यों चढ़ाया होगा?

उत्तर:

सारंगीवाले ने सारंगी की सुरक्षा के लिए उस पर खोल चढ़ाया होगा, ताकि उस पर धूल, मिट्टी, पानी इत्यादि न पड़े।

प्रश्न 7

और किन-किन चीज़ों पर खोल चढ़ाया जाता है?

उत्तर:

तोसक, तकिया, सोफ़ा, हारमोनियम, गिटार, तानपूरा, चश्मा, इत्यादि पर।

गाओ-बजाओ।

सारंगी, ढोलक, इकतारा, तबला, बाँसुरी, शहनाई, डफली, सितार, गिटार, हारमोनियम

प्रश्न 8

ऊपर संगीत के बाजों के नाम लिखे हैं। इनमें से कुछ तार छेड़कर बजाए जाते हैं और कुछ हाथ से थाप देकर। इनके नाम सही जगह पर लिखो। कुछ नाम बच भी गए होंगे। उन्हें 'अन्य' के नीचे लिखो।

उत्तर:

तार वाले	थाप वाले	अन्य
सारंगी	ढोलक	बाँसुरी
इकतारा	डफली	शहनाई
सितार	तबला	हारमोनियम
गिटार	ढोल	

प्रश्न 9

ऊपर लिखे बाज़ों को जगह-जगह पर बजाया जाता है। सोचकर लिखो इन जगहों पर क्या-क्या बजाया जाता है

उत्तर:

रेलगाड़ी या बस में – इकतारा, डफली, बाँसुरी

घर या किसी अवसर पर – शहनाई; ढोलक

भजन – कीर्तन में – हारमोनियम, तबला
स्कूल में किसी अवसर पर – "सितार, गिटार

चटखारे

प्रश्न 10
इस कहानी में मिठास की बात है। तुम्हें कौन-कौन-सी मीठी चीजें अच्छी लगती हैं?
उत्तर:
मुझे खीर, हलवा, रसगुल्ले, बर्फी, गुलाबजामुन इत्यादि चीजें अच्छी लगती हैं।

प्रश्न 11
क्या खाने की चीजें सिर्फ मीठी ही होती हैं? मीठे के अलावा उनका और क्या-क्या स्वाद होता है?
उत्तर:
नहीं, खाने की चीजें सिर्फ़ मीठी ही नहीं होतीं। इनका स्वाद नमकीन, कसैला, तीखा या खट्टा भी हो सकता है।

प्रश्न 12
अब नीचे लिखी खाने-पीने की चीज़ों को स्वाद के हिसाब से लगाओ

आम	मिर्च का आचार	जलज़ीरा	नींबू	शहद	चीनी
नमक	दूध	आँवला	करेला	अदरक	

तुम इस तालिका में कुछ नाम अपने मन से भी जोड़ सकते हो।
उत्तर:

आम,	मिर्च का अचार		करेला
शहद	जलज़ीरा		अदरक
चीनी	नींबू		आँवला
दूध	नमक	–	
जलेबी	चटनी		

प्रश्न 13
नीचे लिखे शब्दों को बोलकर देखो

बाँसुरी	बंसी	हँस	हंस

उत्तर:
विद्यार्थी स्वयं करें।

edugross.com

EDUGROSS
WISDOMISING KNOWLEDGE

प्रश्न 14

अब नीचे दिए गए शब्दों में (ँ) या (ं) लगाओ:

उत्तर:

चाँद	चंदन	झाँसी	झंझट
मंगलवार	माँगना	कंकड़	काँपना
सुंदर	साँप	अंधा	आँधी

edugross.com